आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 14.12.2024 समय : 18.30 पीएम

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने को राज्य सरकार की प्राथमिकता बताया।
- राज्य की मौजूदा सरकार की पहली वर्षगांठ कल–प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।
- रिजर्व बैंक ने बिना ज़मानत के कृषि ऋण की सीमा एक लाख साठ हजार से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने का निर्णय लिया।
- प्रदेश में कड़ाके की सर्दी और शीतलहर से जनजीवन प्रभावित–फतेहपुर में आज चौथे दिन रात का पारा माइनस में।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने को राज्य सरकार की प्राथमिकता बताया है। मुख्यमंत्री ने आज उदयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में कहा कि महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र में महिला अपराध को लेकर कार्रवाई करने का वादा किया गया था और उनकी सरकार बनते ही इस पर काम शुरू कर दिया गया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ रोकने के लिए रात के समय पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है। साथ ही महिला सुरक्षा के लिए एप भी शुरू किया है।

............

मुख्यमंत्री ने उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए छात्राओं को निःशुल्क स्कूटी प्रदान की। साथ ही उन्होंने कई अन्य योजनाओं का भी शुभारंभ किया। इनमें आंगनबाड़ी केन्द्रों में दूध वितरण के लिए मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 5–5 आंगनबाड़ी केंद्र, प्रत्येक ब्लॉक में एक आंगनबाड़ी को आदर्श आंगनबाड़ी, 45 लाख स्वयं सहायता समूहों के लिए राज सखी पोर्टल, 10 हजार इलेक्ट्रिक कुकिंग सिस्टम का वितरण, आरएसआरटीसी का सुरक्षा कमाण्ड सेंटर और बसों में पैनिक बटन, महिलाओं को चौबीसों घंटे पुलिस सहायता के लिए एप और राज सखी राष्ट्रीय मेला 2024 शामिल हैं। लाभार्थी महिलाओं ने भी इन योजनाओं को शुरू करने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उदयपुर की लाभार्थी नीतू कंवर ने बताया कि लखपति दीदी योजना से उन्हें काफी लाभ मिला है।

............

बालोतरा में महिला सम्मेलन के जिला स्तरीय समारोह में आई.सी.डी.एस., महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता और आजीविका के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं मौजूद रहीं। भीलवाड़ा में महिला सम्मेलन में जिले की प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इन महिलाओं ने मुख्यमंत्री का सजीव संबोधन भी सुना। स्वयं सहायता समूह की महिला मूमल कंवर ने मुख्यमंत्री से वर्चुअल बातचीत के दौरान अपने अनुभव साझा किये। मूमल कंवर 12 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ काम कर अब घर पर आचार बना रही हैं, जो राजस्थान के विभिन्न जिलों में बेचा जा रहा है। चूरू में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में लाभार्थियों को किस्त का भुगतान किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना और बढ़ता बचपन 2.0 का शुभारंभ हुआ। कोटा में 9 ड्रोन दीदी और लखपति दीदी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। महिला निधि बैंक की ओर से कोटा जिले की महिलाओं को 5 करोड़ रुपये के चेक वितरित किये गये। पाली और हनुमानगढ़ में हुए कार्यक्रम में लखपति दीदी योजना के चेक भेंट किए गए।

दौसा में इस उपलक्ष में प्रभारी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने विकास पुस्तिका का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियों को गिनाया और कहा कि दौसा सहित प्रदेश के 21 जिलों को पेयजल, सिंचाई और उद्योगों के लिए पानी मिलेगा।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इस परियोजना के लिए 1 लाख करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। खेल मंत्री कर्नल राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में 140 कोच भर्ती किए जाएंगे।

000

राज्य की भजनलाल शर्मा सरकार कल अपने कार्यकाल का एक साल पूरा कर रही है। पिछले साल इसी दिन श्री शर्मा ने राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की थी। श्री शर्मा कल सुबह डीग जिले के पूंछरी का लौठा में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद वे जयपुर के जवाहर कला केंद्र में सरकार के एक साल के कार्यकाल को समर्पित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्‌घाटन करेंगे। बाद में वे अमर जवान ज्योति पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पुलिस विभाग के विभिन्न वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। कल दोपहर में जयपुर के सांगानेर स्थित पिंजरापोल गौशाला में अंत्योदय सेवा शिविरों का राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों का शुभारंभ किया जायेगा। पेश है हमारे संवाददाता की रिपोर्ट –

000

राज्य की भजनलाल शर्मा सरकार की पहली वर्षगांठ के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम 17 दिसम्बर को होगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि होंगे। जयपुर के पास दादिया गांव में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी। इस कार्यक्रम को लेकर सरकार और संगठन की ओर से व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। आज जयपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का आगमन प्रदेश को नई सौगात और नई उर्जा देकर जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पूर्वी राजस्थान के लिए जीवनदायिनी एकीकृत ईआरसीपी की आधारशिला भी रखेंगे।

पार्टी के वरिष्ठ नेता अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि 17 दिसम्बर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि एकीकृत ईआरसीपी को लेकर विपक्ष जो भ्रम फैला रहा है, उन सभी विषयों को भी स्पष्ट किया जायेगा ताकि जनता में किसी तरह की गलतफहमी न रहे।

000

भारतीय रिजर्व बैंक ने बिना जमानत के कृषि ऋण की सीमा एक लाख साठ हजार से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय आगामी एक जनवरी से प्रभावी होगा। रिजर्व बैंक के इस निर्णय का उद्देश्य किसानों को बेहतर वित्तीय सुविधा प्रदान करना है। इससे किसानों के पास परिचालन और विकास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन सुनिश्चित होंगे। यह कदम विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों के लिए ऋण की पहुंच को बढ़ावा देगा। इस पहल से किसान क्रेडिट कार्ड ऋण की मांग भी बढ़ेगी जिससे किसान कृषि कार्यों में निवेश और अपनी आजीविका में सुधार कर सकेंगे।

000

प्रदेश में सर्दी के तेवर तीखे बने हुए हैं। शेखावाटी क्षेत्र और उत्तरी जिलों सहित कई जगह शीतलहर से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सीकर के फतेहपुर में आज लगातार चौथे दिन रात का पारा माइनस में बना हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां आज इस मौसम का सबसे ठंडा दिन रहा।

...............

प्रदेश में न्यूनतम तापमान औसतन रूप से 10 डिग्री से नीचे आ गया है। 10 स्थानों पर रात का परा 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। जयपुर में आज इस मौसम का सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने आज जारी अपनी ताजा रिपोर्ट में आगामी चार–पांच दिन शीतलहर के हालात बने रहने की संभावना जताई है।

000

राजस्थान आयुर्वेद निदेशालय ने कंपाउंडर और जूनियर नर्स के 740 पदों पर भर्ती के लिए वैकेंसी निकाली है। आवेदन प्रक्रिया 16 दिसंबर से ऑनलाइन शुरू होगी और आखिरी तारीख 15 जनवरी है। अभ्यर्थी डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

राजस्थान सहकार भर्ती बोर्ड ने भी अपेक्स बैंक, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों और राजफैड में 498 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि पात्र अभ्यर्थी 11 जनवरी 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा, राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन और जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघों में 505 पदों के लिए आवेदन की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

000

पाली में कल से 31 जनवरी 2025 तक मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में एलोपैथी और आयुष पद्धति से रोगों का निदान और उपचार किया जाएगा। शिविरों में 37 प्रकार की जांच सुविधा निःशुल्क उपलब्ध होगी।

000